संपादकीय

कामयाबी का चांद

अंतरिक्ष में भारत ने सफलता की एक और लंबी छलांग लगाई है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने सोमवार को चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग सफलतापूर्वक संपन्न की। इससे पहले चंद्रयान-2 को 15 जुलाई को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आखिरी वक्त पर एक तकनीकी गड़बड़ी पकड़ में आ जाने से लॉन्चिंग टाल दी गई थी। इसकी सफलता ने जाहिर किया है कि अब क्रायोजेनिक इंजन पर हमारी पकड़ मजबूत हो गई है।

चंद्रयान-1 की खोजों को आगे बढ़ाने के लिए चंद्रयान-2 को भेजा गया है। चंद्रयान-1 द्वारा खोजे गए पानी के अणुओं के साक्ष्य के बाद चांद की सतह पर, उसके नीचे और अति विरल वातावरण में पानी के अणुओं के वितरण का अध्ययन करना इस मिशन का मुख्य उद्देश्य है। चंद्रयान-2 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करेगा। चंद्रमा का यह ऐसा इलाका है, जिसकी अब तक सीधे कोई जांच नहीं हुई है।

मून मिशनों के माहिर अमेरिका, रूस और चीन ने भी अभी तक इस तरफ कोई लैंडिंग नहीं की है। इस इलाके के कुछ क्रेटर हमेशा छाया में रहते हैं और सूरज की किरणें न पड़ने से यहां बर्फ की शक्ल में पानी मिलने की संभावना ज्यादा है। हाल में कुछ ऑर्बिट मिशंस ने भी इस पर मोहर लगाई है। कहा जा रहा है कि बेहद ठंडे क्रेटर्स में सौर परिवार की प्रारंभिक सामग्री के अवशेष भी मौजूद हो सकते हैं है।

पानी की मौजूदगी आगे चलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर इंसान की लंबी, सशरीर उपस्थिति के लिए केंद्रीय भूमिका निभा सकती है। यहां की सतह की जांच चंद्रमा के निर्माण को और गहराई से समझने में मददगार साबित होगी। भविष्य के मिशनों के लिए संसाधन की दृष्टि से इसके इस्तेमाल की संभावनाओं का पता लगाना संसार के सभी चंद्र अभियानों का एक बड़ा उद्देश्य है ही। सबसे बड़ी बात यह कि पृथ्वी के इस एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह को दुर्लभ अंतरिक्षीय सूचनाओं के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हीलियम-3 जैसा बहुमूल्य खनिज मिलने की भी आशा है, जिसके एक टन की कीमत करीब 5 अरब डॉलर हो सकती है। चंद्रमा से ढाई लाख टन हीलियम-3 लाया जा सकता है, जिसकी कीमत कई लाख करोड़ डॉलर होगी। इस काम के लिए चीन ने भी इसी साल अपना चांग ई-4 यान भेजा था। अमेरिका, रूस, जापान और यूरोपीय संघ की चंद्रमा के प्रति दिलचस्पी बढ़ने की यह एक बड़ी वजह है।

दुनिया की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के मालिक जेफ बेजोस का इरादा चंद्रमा पर कॉलोनी बसाने का है। इस सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिक निश्चय ही बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इसके लिए जीतोड़ परिश्रम किया और शुरुआती नाकामियों के बावजूद अपना धैर्य बनाए रखा। यह एक दूरगामी अभियान है, जिसमें सफलता-असफलता के दौर आते-जाते रहेंगे। हमें हर स्थिति में अपने वैज्ञानिकों के साथ खड़ा होना होगा और अपनी अपेक्षाओं का बोझा लादकर उन पर अतिरिक्त दबाव बनाने से बचना होगा।

उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल का छोटा भाई प्रमोद फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार

बोसनिया (आरएनएस)। उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल के छोटे भाई प्रमोद मित्तल को संदिग्ध धोखाधड़ी और पावर के दुरुपयोग के आरोप में बोसनिया में गिरफ्तार किया गया है। ये बात एक अभियोजक ने कही है। ये मामला उत्तरपूर्वी शहर लुकावाक में एक कोकिंग प्लांट को चलाने से जुड़ा है। जिसे प्रमोद 2003 से को-मैनेज कर रहे हैं। यहां एक हजार कर्मचारी काम करते हैं।

प्रमोद मित्तल को बुधवार को ही कोर्ट में पेश किए जाएंगे। लुकावास के उत्तर-पूर्वी कस्बे में कोकिंग प्लांट जी आई के आई एल से संबंधित फ्रॉड के मामले में

मित्तल के खिलाफ कार्रवाई हुई है। एक हजार कर्मचारियों वाले कोकिंग प्लांट का संचालन प्रमोद मित्तल 2003 से कर रहे हैं। वे जीआईकेआईएल के सुपरवाइजरी बोर्ड के प्रेसिडेंट हैं। उन पर प्रभाव का गलत इस्तेमाल करने का भी आरोप है।

कंपनी के जनरल मैनेजर परमेश भट्टाचार्य और सुपरवाइजरी बोर्ड के एक अन्य सदस्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बोस्निया के सरकारी वकील कैजिम सेरहेटलिक के मुताबिक इस मामले में दोष साबित होने पर 45 साल तक की सजा हो सकती है। सेरहेटलिक ने बताया कि इस संगठित आपराधिक ग्रुप से संबंधित चौथे व्यक्ति के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा चुका है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मित्तल और अन्य लोगों पर 28 लाख डॉलर (19.32 करोड़ रुपए) की हेरा-फेरी करने का शक है। इस साल मार्च में प्रमोद को बड़े भाई लक्ष्मी मित्तल ने 1,600 करोड़ रुपए देकर भारत में आपराधिक कार्रवाई से बचाया था। प्रमोद पर स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (एसटीसी) के 2,210 करोड़ रुपए बकाया थे।

निसान दुनियाभर में 10,000 पदों पर कर सकती है छंटनी

तोक्यो (आरएनएस)। जापान की प्रमुख कार निर्माता कंपनी निसान ने दुनियाभर में 10,000 पदों पर छंटनी की योजना बनायी है। जापानी मीडिया ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। कंपनी की यह कोशिश खुद को मुश्किलों से उबारना है। इससे पहले मई में निसान ने 4,800 पदों पर कटौती की घोषणा की थी। पिछले वित्त वर्ष में निसान का शुद्ध लाभ एक दशक के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था।

कमजोर विदेशी संकेतों से सोने-चांदी में नरमी

मुंबई (आरएनएस)। कमजोर विदेशी संकेतों से घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स पर बुधवार को सोने और चांदी में नरमी बनी रही। सोने के भाव में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई जबकि पिछले सप्ताह एमसीएक्स पर सोने का भाव सर्वाधिक ऊंचे स्तर 35,409 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चला गया था। दुनिया की कुछ प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर मे आई मजबूती से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में महंगी धातुओं में कमजोरी देखी जा रही है।

हालांकि केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया का कहना है कि कारोबारी फिलहाल अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आगामी फैसले की प्रतीक्षा में हैं मगर घरेलू बाजार में सोने और चांदी में कारोबारी रुझान कमजोर नहीं है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर पूर्वाह्न 10.35 बजे सोने के अगस्त वायदा अनुबंध में पिछले सत्र के मुकाबले 65 रुपये की कमजोरी के साथ 34,956 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार चल रहा था जबकि इससे पहले 35,049 रुपये पर खुला। केडिया ने कहा कि एमसीएक्स पर सोना 34,800-35,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रह सकता है।

वहीं, चांदी का सितंबर वायदा अनुबंध 17 रुपये की कमजोरी के साथ 41,417 रुपये प्रति किलो पर बना हुआ था।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार कॉमेक्स पर सोने के अगस्त अनुबंध में 2.85 डॉलर की कमजोरी के साथ 1,418.85 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार चल रहा था जबकि इससे पहले के कारोबार के दौरान सोने का भाव 1,422.85 डॉलर से लेकर 1,316.75 डॉलर प्रति औंस के दायरे में रहा।

एम्मार इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत गुप्ता का इस्तीफा

नईदिल्ली (आरएनएस)। रीयल्टी क्षेत्र की दुबई की कंपनी एम्मार प्रोपर्टीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रशांत गुप्ता ने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया है। उनके स्थान पर नए सीईओ की नियुक्ति की गयी जो छह अगस्त से कार्यभार संभाल लेंगे, लेकिन अभी उनका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी कि गुप्ता ने निजी कारणों के चलते बेंगलुरू वापस जाने का निर्णय किया है। गुप्ता ने पिछले साल जून में एम्मार इंडिया के सीईओ की जिम्मेदारी संभाली थी। एम्मार इंडिया में आने से पहले गुप्ता 2011 से आदित्य बिड़ला समूह में काम करते थे। वहां उन्होंने कई पदों पर काम किया। इसमें समूह के ऑनलाइन खुदरा कारोबार एबॉफ डॉट कॉम के सीईओ का पद भी शामिल है। एम्मार इंडिया ने वर्ष 2005 में भारतीय रीयल एस्टेट बाजार में प्रवेश किया था। कंपनी अभी गुरुग्राम, जयपुर, लखनऊ, मोहाली और चेन्नई में परियोजनाओं का विकास कर रही है।

इंडिगो 14 अगस्त से दिल्ली से अगरतला, डिब्रूगढ़ के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी

नईदिल्ली (आरएनएस)। इंडिगो ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 14 अगस्त से रोजाना दिल्ली-अगरतला और दिल्ली-डिब्रूगढ़ मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। इसने एक बयान में कहा, ''इंडिगो दिल्ली-अगरतला मार्ग पर उड़ान भरने वाली पहली एअरलाइन होगी। इन मार्गों पर बुकिंग तत्काल प्रभाव से शुरू हो गई हैं।'' एअरलाइन ने कहा कि दिल्ली-अगरतला मार्ग पर दैनिक उड़ान दिल्ली से अपराह्न एक बजकर 45 मिनट पर रवाना होगी और अगरतला में शाम चार बजकर

20 मिनट पर उतरेगी। वापसी की दैनिक उड़ान त्रिपुरा की राजधानी से शाम चार बजकर 50 मिनट पर होगी और शाम सात बजकर 25 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी। दिल्ली-डिब्रूगढ़ मार्ग पर दैनिक उड़ान दिल्ली से पूर्वाह्न 11 बजकर 45 मिनट पर रवाना होगी और अपराह्न दो बजकर 25 मिनट पर डिब्रूगढ़ पहुंचेगी।

पेट्रोल, डीजल के भाव स्थिर, कच्चे तेल में तेजी जारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में बुधवार को कोई बदलाव नहीं हुआ मगर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में लगातार चौथे दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा। इन चार दिनों में बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड के भाव में तकरीबन दो डॉलर प्रति बैरल की तेजी आई है, जिससे आने वाले दिनों में भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ सकते हैं।

तेल कंपनियों ने एक दिन की वृद्धि के बाद पेट्रोल के दाम में फिर स्थिरता बनाए रखी। वहीं, डीजल के भाव में लगातार 12वें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 73.41 रुपये, 75.87 रुपये, 79.02 रुपये और 76.24 रुपये प्रति लीटर बन हुए हैं। वहीं, चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 66.24 रुपये, 68.31 रुपये और 69.43 रुपये और 69.96 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार में बुधवार को ब्रेंट क्रूड का भाव

64 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया जबकि पिछले सप्ताह ब्रेंट क्रूड का भाव 62 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ था। कमोडिटी बाजार के जानकार बताते हैं कि खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में कमी आने की रिपोर्ट से कीमतों में तेजी बनी हुई है। जानकारों के मुताबिक तेजी का यह सिलसिला अगर आगे भी जारी रहा तो आने वाले दिनों में देश में पेट्रोल और डीजल और महंगे हो जाएंगे।

आज का राशिफल

मेषः- आज आपको अपने खर्च पर संतुलन बनाना होगा। आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है। पूर्व नियोजित यात्रा से परहेज करें। कार्य में यश की प्राप्ति होगी।

वृषभः- पूरे दिन की गई मेहनत के अनुपात में आपको दोगुना लाभ अवश्य मिलेगा। यदि आप किसी को सहयोग देंगे तो सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुनः- भाग्य के साथ कार्य की व्यस्तता रहेगी। धर्म-कर्म में आज आपकी रुचि बढ़ेगी और नई तकनीकी जानकारी के प्रति रुझान बढ़ेगा। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए उत्साह रहेगा।

कर्कः- भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। सावधानीपूर्वक एवं सोच-विचार कर ही कार्य करें। सक्रिय होकर कार्य करें इससे लाभ अवश्य मिलेगा।

सिंहः- जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता हैं, सचेत होकर कार्य करें। आज जो भी निर्णय लें, अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर ही लें। आपकी वाणी से निकले शब्द कल्याणकारी रहेंगे।

कन्याः- शत्रु आज आपसे दूर भागेंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होगी एवं उनकी उपस्थिति में आप प्रसन्न महसूस करेंगे। आज आमदनी में प्रवाह बना रहेगा।

तुलाः- आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे। परिवार मे रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। पारिवारिक वातावरण खुशहाल रहेगा।

वृश्चिकः- बीते दिनो की बेचैनी आज शांत हो जाएगी। मन में आंतरिक शांति का अनुभव आज आपको मिलेगा। अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे।

धनुः- खुशी बरकरार रहे, इसके लिए सावधान होने की जरूरत है। किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

मकरः- नवीन कार्य के सिलसिले में की गई यात्रा लाभदायक रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है। सरकारी क्षेत्र में लाभ होने की संभावना है।

कुंभः- मित्रों से मुलाकात होगी और मन प्रसन्न होगा। आय एवं मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा और अपने सहयोग देंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा।

मीनः- पिछले लंबे समय से चली आ रही उलझनो से आज छुटकारा मिलेगा। कार्य सिद्धि प्राप्त होगी।

वेस्टइंडीज दौरे की तैयारी में जुटे शिखर धवन

नईदिल्ली (आरएनएस)। आईसीसी विश्वकप से चोट के कारण बाहर हो गए भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज़ शिखर धवन तीन अगस्त से शुरू होने जा रहे वेस्टइंडीज़ दौरे के लिये तैयारियों में जुट गये हैं। धवन इंग्लैंड में संपन्न हुये विश्वकप में पैट कमिंस की गेंद से चोटिल हो गये थे, उन्हें अंगूठे में चोट लगी थी जिसके बाद उन्हें विश्वकप के बीच में ही बाहर होना पड़ा था। हालांकि धवन के ताज़ा वीडियो से उनकी फिटनेस को लेकर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं।

सलामी बल्लेबाज़ ने हाल ही में एक वीडियो सोशल साइट इंस्टाग्राम पर साझा किया है जिसमें वह नेट पर अभ्यास कर रहे हैं। वह इस वीडियो में कैच लेने का अभ्यास करते हुये दिखाई दे रहे हैं। धवन तीन अगस्त से शुरू होने जा रहे भारत के विंडीज़ दौरे का हिस्सा हैं जहां उन्हें तीनों प्रारूपों में शामिल किया गया है।

33 वर्षीय बल्लेबाज़ विश्वकप के केवल दो ही मैचों में खेल सके थे जिसमें उन्होंने एक मैच में 117 रन की शतकीय पारी खेली थी 62.50 के औसत से कुल 125 रन बनाये थे। एमएसके प्रसाद की अध्यक्षता वाली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) की चयनकर्ता समिति ने विंडीज़ दौरे के लिये ट्वंटी 20, वनडे और टेस्ट टीम की घोषणा की है जिसमें विराट कोहली को तीनों प्रारूपों की कप्तानी सौंपी गयी है। साफ है कि धवन की चोट ठीक हो चुकी है और वह विंडीज़ दौरे के लिये फिट हैं। विश्वकप में प्रभावित करने वाले ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को भी इस बार तीनों प्रारूपों में जगह बनाने का मौका मिला है।

वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज़ रिषभ पंत को महेंद्र सिंह धोनी के अनुपलब्ध रहने के चलते टीम में जगह मिली है। धोनी सेना के साथ दो महीने की ट्रेनिंग पर हैं। भारत का दौरा तीन ट्वंटी 20 मैचों की सीरीज़ से शुरू होगा जिसके दो मैच फ्लोरिडा में और तीसरा मैच गुयाना में होगा।

सुभमन, अजिंक्य के टीम में न होने से हैरान हैं सौरभ गांगुली

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी वनडे सीरीज के लिए शुभमन गिल और अजिंक्य रहाणे के टीम में न चुने जाने से हैरान हैं।

गांगुली ने कहा, टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो सभी फॉर्मेट में खेल सकते हैं। शुभमन गिल और रहाणे को वनडे टीम में नहीं देखकर हैरानी हुई।

उन्होंने यह भी कहा कि चयनकर्ताओं को तीनों फॉर्मेट के लिए समान खिलाड़ी को चुनना चाहिए, इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

गांगुली ने कहा, समय आ गया है कि भारतीय चयनकर्ता लय और आत्मविश्वास के लिए सभी फॉर्मेट में समान खिलाड़ी को चुनें। कुछ खिलाड़ी सभी फॉर्मेट में खेलते हैं। दुनिया की बेहतरीन टीमों में लगातार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं।

तिल पनीर क्यूब्स बनाने की विधि...

मौनसून में लोग कुछ नया ट्राय करना पसंद करते हैं ताकि वह अपनी फैमिली और बच्चों को खुश कर सकें. आज हम आपको तिल पनीर क्यूब्स की रेसिपी बताएंगे, जिसे बनाकर अपनी फैमिली को खुश कर सकते हैं. तिल पनीर क्यूब्स बनाना बेहद आसान है, इसे आप स्नैक्स के रूप में झटपट बनाकर अपनी फैमिली को खिला सकते हैं. तो आइए जानते हैं तिल पनीर क्यूब्स की आसान रेसिपी.

विधिः-

- 300 ग्राम पनीर के टुकड़े
- 2 बड़े चम्मच टोमैटो सौस
- 1 बड़ा चम्मच रैड चिली सौस
- 2 बड़े चम्मच सफेद तिल
- 2 बड़े चम्मच अदरकलहसुन का पेस्ट
- स्वादानुसार कालीमिर्च पाउडर
- स्वादानुसार तेल
- नमक स्वादानुसार.

बनाने की विधः-

एक पैन में तेल गरम कर अदरकलहसुन का पेस्ट डाल कर भूनें. अब टोमैटो व चिली सौस के साथ पनीर के टुकड़े, नमक व कालीमिर्च पाउडर इस में मिला दें.पनीर के टुकड़ों को सौस में अच्छी तरह कोट कर लें. अब तिल डालें और कुछ देर चलाते हुए मिक्स करें. तैयार तिल पनीर क्यूब्स को चटनी के साथ सर्व करें.

शब्द सामर्थ्य- 35

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक डंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 34 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

सू-दोकू- 35

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.34 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1